卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 10 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦16 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## द्वितीय नवरात्र




**नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे जीवन को नैतिक व चारित्रक बल प्रदान करता है।**

# झमाझम बारिश ने बढाई ठंडक

## बारिश ने फिर बढ़ाई किसानों की चिंता

देहरादून/हल्द्वानी/रूद्रपुर। राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश ने ठंड का अहसास करा दिया है। बारिश के बीच अचानक अंधेरा छा गया। वाहनों को दिन में हेडलाइट जलानी पड़ी। वहीं बारिश ने तराई में किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया है। बदले मौसम के मिजाज के चलते ठंड बढ़ने से लैंसडाउन चौक के पास लोगों ने अलाव का सहारा लिया। वहीं धुंध के कारण अंधेरा होने से वाहनों को दिन में हेडलाइट जलानी पड़ी। बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के चलते स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हरिद्वार में तेज तूफान से धूल मिट्टी, कूड़ा तेज शहर के रोड और गलियों में पसर गया। तेज आंधी के चलते कई जगह पेड़ की शाखाएं टूट कर गिर गई है। उत्तरकाशी में बादल छाए हुए हैं साथ ही ठंडी हवाएं चल रही है। वहीं विकासनगर में मूसलाधार बारिश हो रही है। उधर नैनीताल और उधम सिंह नगर में भी सोमवार दोपहर को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से ठंडक बढ़ गयी। घने बादलों से अंधेरा छा गया। बारिश ने किसानों की मुश्किलें एक बार (शेष पृष्ठ सात पर)



# कई गांवों में आतंक का पर्याय बना गुलदार ढेर

श्रीनगर गढ़वाल(उद ब्यूरो)। आधा दर्जन से अधिक गांवों में आतंक का पर्याय बने गुलदार को शिकारी ने एक ही गोली में ढेर कर दिया। इसी गुलदार ने 11 अक्टूबर की सुबह गोरसाली के समीप 59 वर्षीय लक्ष्मी देवी को अपना निवाला बना लिया था। तभी से यह गुलदार क्षेत्र में बार-बार दिखाई दे रहा था, जिससे लोगों में दहशत बनी हुई थी। प्रसिद्ध शिकारी जाय हुकिल अपने सहयोगी भीम सिंह के साथ पिछले तीन दिन से इस गुलदार की तलाश में रेकी कर रहे थे। रविवार शाम को घर की ओर आ रहे दो बच्चों ने शिकारी जाय हुकिल को बताया कि अभी थोड़ी देर पहले उन्होंने गुलदार को देखा है। इस पर जाय हुकिल तुरंत अपने सहयोगी भीम सिंह को साथ लेकर गोरसाली (शेष पृष्ठ सात पर)



# झांसा देकर चौथी शादी करने की तैयारी कर रहा शातिर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तीन पत्नियों को छोड़कर चौथी शादी करने की तैयारी कर रहे युवक और उसके पिता को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि मूल रूप से देहरादून और हाल रम्पुरा वार्ड आठ निवासी एक महिला ने अपने पति प्रमोद सिंह निवासी शांति कुंज कॉलोनी नत्थनपुर देहरादून के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पति प्रमोद सिह पुत्र दीवान सिंह पूर्व मे भी दो लडकियो के साथ शादी करके छोड़ चुका है। वह शादी डॉट कॉम से शादी करता है। अब वह चौथी शादी करने की फिराक में था। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। छानबीन में पता चला कि आरोपी प्रमोद सिंह और उसका पिता दीवान सिंह किराये के मकानो में निवास करते है तथा शादी करने के बाद अपना निवास स्थान बदल देते हैं। एसएसपी के निर्देश पर गठित की गयी टीम ने आरोपी प्रमोद सिंह पुत्र दीवान सिंह हाल निवासी थाना अंबेडकर नगर दक्षिणपुरी दिल्ली और दीवान सिंह पुत्र स्वर्गीय जगत सिंह थाना अंबेडकर नगर दक्षिणपुरी दिल्ली को अम्बेडकर नगर दक्षिण पुरी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों पर पूर्व में दो अन्य (शेष पृष्ठ सात पर)



# छापामार कार्यवाही से शराब कारोबारियों में हड़कंप

## दो तस्कर गिरफ्तार, हजारों लीटर लहन नष्ट, उपकरण कब्जे में

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापामार अभियान चलाते हुए अवैध कच्ची शराब के दो कारोबारियों को दबोचकर उनके कब्जे से 90 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए शराब बनाने के उपकरण भी मौके से कब्जे में लिए। पुलिस की कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा जा रहा है। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को पिछले कुछ समय से क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। पुलिस को पता चला था कि जंगली इलाकों में कुछ लोग कानून को दरकिनार करते हुए अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी कार्य में लिप्त है। इसी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने रमपुरा में एक स्थान की घेराबंदी कर वहां से शराब के गैर कानूनी कारोबार में लिप्त युवक को दबोचकर उसकी निशान देही पर मौके से 40 लीटर (80 पाउच) अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जहरीली शराब की अड्डे से 2000 लीटर के करीब लहन नष्ट किया। पुलिस की कार्यवाही से जहां एक ओर (शेष पृष्ठ सात पर)



# भूकंप से फिर डोली धरती

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गये।रिक्टर स्केल पर 4.0 रही तीव्रता। देवभूमि उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों में कई बार भूकंप के झटके महसूस हो चुके हैं। सोमवार को एक बार फिर पिथौरागढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पिथौरागढ़ से 48 किमी उत्तर पूर्व में 4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के बाद लोग घरों से बाहर निकल आये। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई है। अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है।

# पांच नवम्बर से पहले होंगे छात्र संघ चुनाव

## लिंगदोह समिति की सिफारिशों का होगा अनुपालन

देहरादून (उद संवाददाता)। राजकीय विश्वविद्यालयों व महा विद्यालयों में आगामी पांच नवम्बर तक एक ही तिथि पर छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न कराये जायेंगे। छात्र संघ चुनावों में लिंगदोह समिति की सिफारिशों का अनुपालन किया जायेगा। इस संबंध में विश्व विद्यालय के कुलपतियों एवं निदेशक उच्च शिक्षा को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं।सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के सत्र को नियमति करने के लिये सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। जिसके अंतर्गत एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम, एक चुनाव व एक दीक्षांत शामिल है। इसी क्रम में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत 5 नवम्बर से पहले गत वर्ष की भांति एक ही तिथि में छात्रसंघ चुनाव आयोजन करने का निर्णय लिया गया है ताकि छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में होने वाले अनावश्यक व्यवधान को रोका जा सके। इस संबंध में राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व निदेशक उच्च शिक्षा को छात्र संघ चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव में लिंगदोह समिति की सिफारिशें लागू करने के निर्देश दे दिये गये हैं। जिसके तहत कोई भी छात्र छात्रसंघ पदाधिकारी का चुनाव केवल एक बार व कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव दो बार लड़ सकता है। इसी प्रकार छात्रसंघ प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार महाविद्यालय व विश्वविद्यालय परिसर में ही किया जा (शेष पृष्ठ सात पर)

# एक और मदरसे में पकड़ी अनियमितताएं,महिला गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस द्वारा सिरौली में बिना अनुमति के चल रहे एक और मदरसे पर कार्रवाही करते हुए एक गिरफ्तारी की गई है ।जबकि एक अन्य व्यक्ति फरार हो गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरौली में वार्ड नंबर 18 में मदरसा जामिया नगमा फातिमा बगैर अनुमति के चलाया जा रहा था। जिसकी सूचना पुलभट्टा थाना पुलिस को दी गई थी ।पुलिस द्वारा जांच उपरांत मदरसे में छापामारी कर पाया कि मदरसा चलाने का मदरसा संचालक और अन्य पर कोई भी वैध पत्र नहीं था, यही नहीं मदरसे में पढ़ रहे बच्चों को भी एक अंधेरे कमरे में रखा गया था जो की बाल संरक्षण के नियमों का खुला उल्लंघन था ।जिस पर थाना प्रभारी कमलेश भट्ट ने उप निरीक्षक पवन जोशी कांस्टेबल धर्मवीर के साथ मिलकर मदरसे पर छापा करते हुए खातून बेगम पत्नी मोहम्मद इरशाद निवासी हरेरपुर हसन थाना जहानाबाद पीलीभीत हाल निवासी चार बीघा सिरौली कला को गिरफ्तार कर लिया जबकि मोहम्मद इरशाद फरार हो गया। थाना पुलभट्टा पुलिस द्वारा अवैध मदरसा के खिलाफ की गई (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड के सांसदों की 74 प्रतिशत सांसद निधि खर्च होने को शेष

## राज्य सभा सांसदों की 93 प्रतिशत, लोकसभा सांसदों की 64 प्रतिशत शेष, सांसद निधि खर्च करने में अजय टम्टा सबसे आगे

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के सांसदों की 74.12 प्रतिशत कुल 95.65 करोड़ की सांसद निधि खर्च होने को शेष है। इसमें लोकसभा सांसदों जिनका कार्यकाल समाप्त होने के कुछ माह ही बकाया है की, 64.77 प्रतिशत 56.45 करोड़ की सांसद निधि खर्च होने को शेष है। केन्द्रीय मंत्री तथा नैनीताल सांसद अजय भट्ट की 61.31 प्रतिशत 10.6 करोड़ तथा पूर्व मुख्यमंत्री तथा पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत की 78.65 प्रतिशत 13.63 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड के ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय से सांसद निधि खर्च सम्बन्ध ी सूचना मांगी थी जिसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/उपायुक्त (प्रशासन) सुधा तोमर द्वारा अपने पत्रांक 1109 के साथ सांसद निधि खर्च के जुलाई 2023 के विवरण उपलब्ध कराये गये है जिसमें जुलाई 2023 के अंत तक की उत्तराखंड के लोक सभा तथा राज्य सभा सांसदों को सांसद निधि खर्च का विवरण दिया गया है। श्री नदीम के सूचना अधिकार प्रार्थना पत्र के उत्तर में भारत सरकार के सांसद निधि जारी करने वाले नोडल मंत्रालय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के लोक सूचना अधिकारी से सांसद निधि जारी करने सम्बन्धी विवरण एम पी लैडस वेबसाइट पर उपलब्ध होना सूचित किया है। बेवसाइट से 12 अक्तूबर 23 को उपलब्ध सूचना डाउन लोड करने पर उत्तराखंड के वर्तमान सांसदों की 77 करोड़ की सांसद निधि जारी न होने का खुलासा हुआ है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार उत्तराखंड के वर्तमान 5 लोक सभा सांसद कुल 85 करोड़ की सांसद निधि प्राप्त करने के पात्र हैं लेकिन उन्हें पिछली सांसद निधि किस्त के खर्च सम्बन्धी प्रमाण, आडिट रिपोर्ट आदि प्राप्त न होने के कारण 45 करोड़ की सांसद निधि 12 अक्तूबर 23 तक जारी ही नहीं हुई है जबकि भारत सरकार से प्राप्त 40 करोड़ की सांसद निधि में 2.15 करोड़ का ब्याज जोड़कर कुल 42.15 करोड़ की सांसद निधि में से जुलाई 2023 तक 11.45 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी। जारी न हुई जोड़कर कुल 56.45 करोड़ की सांसद निधि जो कुल सांसद निधि का 64.77 प्रतिशत है, खर्च होने को शेष है। उत्तराखंड के राज्यसभा के वर्तमान 3 सांसदों के 12 अक्तूबर 23 तक 41.5 करोड़ की सांसद निधि प्राप्त करने पात्र हैं लेकिन उन्हें 32 करोड़ की सांसद निधि जारी नहीं हुई है जबकि भारत सरकार से प्राप्त 9.5 करोड़ की सांसद निधि में 0.4 करोड़ का ब्याज जोड़कर कुल उपलब्ध 9.9 करोड़ की सांसद निधि में से 7.2 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी है। जारी न हुई जोड़कर कुल 39.2 करोड़ की सांसद निधि जो कुल सांसद निधि का 93.56 प्रतिशत है, खर्च होने को शेष है। 12 अक्तूबर 23 तक लोक सभा सांसद 17-17 करोड़ रूपये की सांसद निधि भारत सरकार से प्राप्त करने के पात्र है। लेकिन हरिद्वार सांसद डॉ0 रमेश पोखरियाल, नैनीताल सांसद अजय भट्ट तथा पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत को 7-7 करोड़ तथा अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा तथा टिहरी सांसद माला राज लक्ष्मी को 9.5-9.5 करोड़ की सांसद निधि 12 अक्तूबर 23 तक जारी हुई (शेष पृष्ठ सात पर)

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# महिंद्रा कार शोरूम से बेखोफ चोरों ने लाखों की नगदी भरी तिजोरी उड़ाई

## दो कुंतल की तिजोरी कार में ले गए शातिर चोर, सीसीटीवी में कैद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बेखौफ चोरों ने पुलिस सक्रियता का वास्तविक चेहरा दिखाते हुए एक कर शोरूम में धावा बोलकर लाखों रुपयों की नगदी से भरी करीब दो कुंतल वजनी तिजोरी कर में डालकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों ने बारीकी से निरीक्षण किया और न सिर्फ आस पास बल्कि जाने वाले सभी मार्गों के सीसीटीवी भी खंगालने शुरू कर दिए। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि यह घटना पुलिस के लिए चुनौती है जिसका खुलासा करने के लिए पुलिस कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। चोरों ने विगत रात रामपुर रोड पर स्थित महिंद्रा कार शोरूम को निशाना बनाया। तीन चोर गोदाम के बगल वाले कमरे की खिड़की के रास्ते अंदर घुसे और शोरूम मालिक के कार्यालय में 25 लाख रुपये से भरी 190 किलो की तिजोरी उड़ा ले गए। बताया जाता है कि पालम सिटी निवासी संजय अग्रवाल उर्फ गोलू महिंद्रा कार शोरूम के मालिक हैं। कर्मचारी रात 10 बजे तक काम समाप्त होने पर चले जाते हैं। शोरूम मालिक के अनुसार, शनिवार की रात 12 से ढाई बजे के बीच चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोर गोदाम के बगल में एक कमरे की खिड़की से होते हुए अंदर घुसे और शोरूम मालिक के कार्यालय में पहुंचे। यहां एक छोटे से कक्ष में 190 किलो की तिजोरी रखी थी। जिसके अंदर लगभग 25 लाख रुपये नकद रखे थे। तिजोरी भारी थी।चोर उसे उठा नहीं पाए तो वे उसे घसीटते हुए बगल के निर्माणाधीन मकान की छत पर ले गए। जहां से उसे खेत में फेंका। इसके बाद एक कार पहुंची, जिसमें तिजोरी को लादकर फरार हो गए। इतनी बड़ी घटना की शोरूम में ड्यूटी कर रहे गार्डों को भनक तक नहीं लगी। रविवार की सुबह शोरूम मालिक कार्यालय में पहुंचे तो तिजोरी गायब थी। वारदात के बाद राजपुरा चौकी इंचार्ज सुशील जोशी, कोतवाल हरेंद्र चौधरी, एसएसआइ विजय मेहता टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने वाले चोर बहुत शातिर थे। शोरूम के पहले कमरे में घुसने पर सभी के पैरों में जूते थे, जिसके निशान खिड़की के पास रखी कुर्सी पर दिख रहे हैं। अंदर सीसीटीवी फुटेज में चोरों के पैर में जूते नहीं हैं। सभी ने चेहरे पर मास्क और हाथ में दस्ताने पहन रखे थे। चोरों को पता था कि हाथ के निशान उन्हें पकड़ा सकते हैं। पुलिस फिंगर प्रिंट ले सकती हैजहां से घुसे और जहां से निकले, वहां सीसीटीवी बंद पुलिस जांच में सामने आया है कि चोर जिस जगह से घुसे, वहां बाहर लगा सीसीटीवी बंद था, मगर अंदर चालू था, जिसमें चोरों की पहली तस्वीर कैद हुई। इसके बाद चोर जहां से निकले, वहां लगा कैमरा भी बंद था। तिजोरी का वजन 190 किलो था। शोरूम कर्मचारियों के अनुसार, इसे दो मंजिला पर पहुंचने में छह कर्मचारी लगे थे। तीन चोर इसे उठा नहीं सके तो घसीटकर ले गए। छत से खेत में फेंकते ही एक सफेद रंग की कार आई। उसमें तिजोरी ले गए। पुलिस के अलावा एसओजी व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। चोरों को पकड़ने के लिए टीमें गठित हो गई हैं। वहीं फारेंसिंक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किये। एसएस पी ने बताया कि कार शोरूम में हुई चोरी के बाद टीमें गठित कर दी हैं। जल्द आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस सभी पहलू की जांच कर रही है।



# डा. ऐश्वर्य बाजपेयी ने किया नाम रोशन

गदरपुर( उद संवाददाता)। गदरपुर निवासी डीके बाजपेयी के होनहार सुपुत्र गोल्ड मेडिलिस्ट एमडी डा. ऐश्वर्य बाजपेयी ने कड़ी मेहनत व लगन के साथ डीएम (एसएस) की परीक्षा पास कर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्तराखंड, जनपद एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यहां बता दें कि डा. ऐश्वर्य बाजपेयी ने विगत माह हल्द्वानी मेडिकल कालेज से एमडी की गोल्ड मेडिलिस्ट से उपाधि प्राप्त की थी। इसके उपरान्त डा. ऐश्वर्य बाजपेयी ने डीएम (एस.एस.) की परीक्षा दी। विगत दिवस परिणाम आने पर डा. ऐश्वय बाजपेयी ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। डा. ऐश्वर्य बाजपेयी गदरपुर में पहले होनहार डाक्टर होंगे जिन्होंने पहली बार में ही डीएम की परीक्षा उत्तीर्ण रिकार्ड बनाने में सफलता प्राप्त की । वर्तमान में डा. ऐश्वर्य बाजपेयी हल्द्वानी में सुशीला तिवारी में लगन व मेहनत के साथ मरीजों को सेवा प्रदान कर रहे हैं। ऐश्वर्य ने इस सफलता का श्रेय अपनी माता ममता बाजपेयी, पिता डीके बाजपेयी एवं प्रधानाचार्य डा. अरुण जोशी आदि सहयोगियो को दिया है। ऐश्वर्य के इस सफलता पर विनोद वार्ता समाचार पत्र परिवार सहित नगर के विभिन्न संगठनों से जुडे़ लोगों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई देते ऐश्वर्य के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में राजेन्द्र कुमार डाबर, विजय सुखीजा, विजय छाबड़ा, जयकिशन भुड्डी, केवल अरोरा, रामा भुड्डी, अरविन्द्र कुमार धवन, कृष्ण लाल बत्रा, अशोक छाबड़ा, राकेश गुम्बर आदि शामिल है।



# 96 पव्वे अवैध शराब ले जाते दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को बाईक पर अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक धीरज टम्टा साथी पुलिस कर्मियों अउनि. भरत सिंह, कानि. राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र के साथ गश्त करते हुए शिवनगर तिराहे पर पहुंचे तो मुखबिर की सूचना पर टीम एफसीआई गोदाम के सामने सड़क किनारे आते जाने वाहनों की चौकिंग करने लगी । कुछ देर बाद एक व्यक्ति तीन पानी की ओर से मोटर साईकिल पर आता दिखाई दिया । जिसके कंधे पर बैग टंगा हुआ था । पुलिस को देख जब उसने बाईक को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया तो शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया ।पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम भूरा पुत्र नन्दूकी प्रजापति निवासी निपनिया थाना शहजादनगर जिला रामपुर हाल निवासी चामुण्डा मंदिर के पास शिवनगर ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद बैग से अवैध शराब के कुल 96 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने शराब व मोटर साईकिल कब्जे में लेकर नशा तस्कर भूरा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जैव प्रौद्योगिकी परिषद मिलेट्स उत्पादों को दे रहा है बढ़ावा

पंतनगर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद का स्टाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। निदेशक डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में स्वयं सहायता ग्रुप मिलेट्स उत्पादों को बढ़ावा दे रहा है। परिषद पोषित उत्पाद जिसमे मंडुआ के मोमो, रागी बिस्कुट, मल्टीग्रेन व चना के बिस्कुट, मंडुआ के ड्राईकेक, पकोड़ा मिक्स बेसन परिषद के स्टाल पर विक्रय किये जा रहे है, जिसकी मांग बहुतायत में हो रही है। वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन



ने बताया कि परिषद निदेशक डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में सुंदरम स्वयं सहायता ग्रुप, जवाहर नगर एवं जागृति महिला ग्रुप, शांतिपुरी को उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद् से जोड़ा गया है तथा उनको सभी तकनीकी मार्गदर्शन देकर खुले व प्रतिस्पर्धी बाजार के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि प्रदेश में स्वरोजगार को तेजी से बढ़ावा मिल सके। साथ ही परिषद के स्टाल पर युवाओं को कौशल विकास के अंतर्गत आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी, मिलेट्स के पौष्टिक महत्व को बताया जा रहा है। यहां परिषद के अनुज कुमार, केशव सिंह रावत, स्वयं समूह की कविता तिवारी, राधा पांडे जानकारियां दे रहे हैं।

# गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में सजाए भव्य दीवान

गदरपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में अमावस पर आयोजित किए महान गुरमत समागम में वक्ताओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी एवं गुरु इतिहास पर प्रकाश डाला । समागम में हजूरी रागी जत्था भाई गुरदीप सिंह द्वारा सतनाम श्री वाहेगुरु का जाप करवाने के साथ मनोहर गुरबाणी कीर्तन गायन किया , भाई सतनाम सिंह शोकी (कविश्री) द्वारा श्री गुरु नानक देव जी की जन्मस्थली गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए



गुरुद्वारा साहिब की मर्यादा बहाल किए जाने और आजादी के लिए की गई कुर्बानियों का कविता एवं लेक्चर के माध्यम से भावपूर्ण जिक्र किया कार्यक्रम का संचालन भाई करमजीत सिंह द्वारा किया गया सर्वत्र सुख शांति की अरदास भाई जसवीर सिंह द्वारा करने के उपरांत समागम की समाप्ति एवं गुरु का लंगर अटूट बांटा गया । इस दौरान दूर दराज से आई संगत ने पवित्र सरोवर में स्नान करने के साथ गुरु के लंगर की सेवा की । जत्थेदार बाबा अनूप सिंह ने सभी संगत का धन्यवाद करते हुए गुरु की मर्यादा अनुसार जीवन जीने की अपील की उन्होंने मीरी पीरी खालसा अकैडमी नवाबगंज/ रतनपुरा को शिक्षा के क्षेत्र में एक उच्च कोटि का कदम बताया उन्होंने अपने बच्चों को अकादमी में शिक्षार्थ आने का आह्वान किया ।

# कृषक दिवस पर पशुपालन शिविर एवं समूह क्षमता कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर( उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला कृषक दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग, गदरपुर के द्वारा आत्मा परियोजना के तत्वावधान में पिपालिया नं-1 में ग्रामीण महिलाओं तथा महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों के साथ पशुपालन शिविर एवं समूह क्षमता ग्राम-विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला प्रतिभागियों को उन्नत पशुपालन तथा



स्वरोजगार परक योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पशुपालन सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान किया गया/- विभागीय कार्यक्रमों तथा भोजनाओं की जानकारी दी गयी. शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों के पशुपालन / किसान क्रेडिट कार्ड निःशुल्क बनाए गये तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।शिविर का संचालन एवं प्रशिक्षण पशु चिकित्साधिकारी गदरपुर डा० रवि शंकर झा ने किया तथा अध्यक्षता पूर्व प्रधान शांन्ति ब्रासा ने किया। शिविर में बैटनरी फार्म प्रतापराम, विनोद सिरोही, संजय कुमार, दुलाम माल्लिक, संगीता विश्वास, कीना, मण्डल बीना साम सहित लगभग 80 महिला पशुपालकों के प्रतिभाग किया।

# महिलाओं को स्वावलंबी बना रही नारायण इंडस्ट्रीजः शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। हथकरघा उद्योग के माध्यम से शक्तिफार्म में लगभग 10 हजार महिलाएं अपने परिवार की सकल आय बढ़ाने में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। नारायण इंडस्टरीज ग्लोबल लिमिटेड द्वारा शक्ति फार्म नंबर 6 में बजरंग हैंडीक्राफ्ट सेंटर का कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल ने संयुक्त रूप से फिता काटकर शुभारंभ किया। शुभारम्भ अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि ग्लोबलाइजेशन के दौर में बाजारों पर ब्रांड की कब्जेदारी के बाद हथकरघा उत्पादों में मुनाफा कम होने से हस्तशिल्पियों के इस गृह उद्योग पर संकट के बादल छा गए थे। नारायन इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को रोजगार देकर स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रही हैं। हथकरघा व्यवसाय से महिलाओं ने जहां हथकरघा व्यवसाय में कदम रखा है रोजगार में महिलाएं बराबरी की हकदार हुई हैं। कच्चे धागों की लय पिरोकर महिलाएं गृहस्थी की गाड़ी बेहतर ढंग से चला रही हैं। नारायण इंडस्ट्रीज का हथकरगा उद्योग में धागा तगाई का कार्य शक्तिफार्म के करीब सभी गांवों में हथकरघा व्यवसाय महिलाओं की हिम्मत पर आगे बढ़ रहा है। कम्पनी के मैनेजिग डायरेक्टर विनीत अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओ को शसक्तिकरण करने के क्रम में नारायन इंडस्ट्रीज लिमिटेड भी घर बैठे महिलाओ को रोजगार देकर स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रही हैं। शुभारम्भ अवसर पर सांसद प्रतिनिधी कार्तिक राय, मयंक अग्रवाल, राघव सिंह, सतीश उपाध्याय, मुकुल चक्रवर्ती, पारुल सिंह, अरुण गुप्ता, विनीत वर्मा, रोहन मौर्या, प्रकाश मंडल, आदित्य पाण्डे, गीतांजलि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।





# स्वास्थ्य केन्द्र में लगाये दो ऐसी

गदरपुर (उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव सरना ने बताया कि कि किसी सज्जन द्वारा गुप्त दान के रूप में दिए गए 1.5 लाख रुपए से चिकित्सालय में मरीजों की सुविधाओं हेतु 1.5 टन के दो हॉट एंड कोल्ड एसी एवं पुराने एसी को रिपेयर कराया गया है। इसके अतिरिक्त ओपीडी कक्ष एवं वार्डों में जालीदार दरवाजा स्थापित किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव सरना ने बताया कि रोगियों की सुविधाओं हेतु एवं प्रसूति वार्ड में भर्ती गर्भवती महिलाओं की समस्या को देखते हुए प्रसूति वार्ड में एक हॉट एवं कोल्ड एसी को स्थापित किया गया है। एवं लेबर रूम में भी एक 1.5 टन एसी स्थापित किया गया है । डॉ संजीव सरना



द्वारा उक्त पुनीत कार्य हेतु गुप्त दानदाता सज्जन का हृदय से आभार प्रकट किया गया एवं गदरपुर एवं आसपास की सामाजिक संस्थाओं एवं सजन्नो से अनुरोध किया गया है कि आप अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में मरीजों के हितों हेतु सहयोग करें । क्योंकि यह अस्पताल आम जनता के लिए स्थापित है अतः आपको जो चिकित्सालय में कमियां लग रही है उसे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराए ताकि इसके निराकरण हेतु प्रयास किया जा सके।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मदरसों में नियमों की खुलेआम हो रही अनदेखी

–कैलाश पंडित–

किच्छा। जिस परकार पुलभट्टा पुलिस द्वारा बिना अनुमति के चल रहे मदरसों की विरुद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है उससे परत दर परत अवैध मदरसों की फेहरिस्त बढ़ती जा रही है।पुलभट्टा थाना प्रभारी द्वारा की गई कार्यवाही में अभी तक दो मदरसे सामने आ चुके है। किच्छा क्षेत्र अंतर्गत लगभग दो दर्जन से अधिक मदरसे संचालित हैं। जिसमें कुछ मदरसे उत्तराखंड मुस्लिम एजुकेशन मिशन देहरादून से मान्यता प्राप्त है तथा कुछ मदरसे उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद देहरादून से मान्यता प्राप्त हैं। जिनकी संख्या आधा दर्जन भी नहीं है। इसके अलावा लगभग डेढ़ दर्जन मदरसे सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अर्थात ट्रस्ट के माध्यम से चल रहे हैं जिनका सोसाइटी रजिस्ट्रेशन के अलावा राज्य सरकार या केंद्र सरकार से रजिस्ट्रेशन होता प्रतीत नहीं हो रहा है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि क्या राज्य या अन्य स्थानों पर ट्रस्ट के माध्यम से मदरसों में शिक्षण कार्य या अन्य शैक्षिक कार्य किए जा सकते हैं। जबकि अन्य प्रकरणों में किसी भी ट्रस्ट द्वारा जब भी कोई शिक्षण संस्था खोली जाती है तो, चाहे वो धार्मिक हो अथवा शैक्षिक उसका रजिस्ट्रेशन राज्य सरकार या केंद्र सरकार अथवा संबंधित परिषद में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।सभी शिक्षण संस्थानों पर सरकार की पैनी नजर रहती है किंतु मदरसों पर ऐसा होता कही दिखाई नहीं देता है।सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एवं उत्तराखंड मुस्लिम एजुकेशन मिशन देहरादून तथा उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद देहरादून के अलावा मान्यता प्राप्त मदरसों के अलावा कुछ मदरसे ऐसे भी हैं जिनका ना तो सोसायटी रजिस्ट्रेशन है, और ना ही किसी संबंधित परिषदीय उत्तराखंड सरकार या केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त है। यहीं नहीं अधिकांश मदरसों में मूल भूत सुविधाओं का अभाव है।अब प्रश्न यह है कि क्या सोसायटी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से मदरसे संचालन करने की अनुमति राज्य सरकार या केंद्र सरकार की नियमावली में है या नहीं यदि है तो फिर मदरसों के सत्यापन की नियमावली क्या होगी। एक छोटे से शहर में जिस तरह से दो दर्जन से अधिक मदरसों का आकलन किया गया तथा उनमें से मात्र आधा दर्जन भी मदरसे संबंधित नियमावली के अंतर्गत रजिस्टर्ड पाए गए।शेष रजिस्टर्ड नहीं है ऐसी स्थिति में उत्तराखंड राज्य के अंतर्गत बगैर रजिस्ट्रेशन की कितने मदरसे से चल रहे हैं यह भी जांच का विषय बन गया है। तथा यह भी आम जनता में प्रश्न खड़ा हो रहा है की क्या धार्मिक शिक्षा के नाम पर मूलभूत शिक्षा से समुदाय विशेष के बच्चों को वंचित करने का कोई बाहरी षड्यंत्र तो नहीं है ।यहां यह भी उल्लेखनीय की मदरसों में कार्यरत शिक्षक या तो समिति के माध्यम से वेतन पाते हैं या संचालित मदरसे के स्थान पर एकत्रित किए गई दान से उनका भुगतान किया जाता है जो की निर्धारित मानकों के अनुरूप भी नहीं है ऐसी स्थिति में शिक्षक और मदरसे का संचालन पूर्ण रूप से दुरुस्त करना संचालक के बस की बात नहीं है ।ऐसी स्थिति में यदा-कदा अपराधी घटनाएं घटित हो जाती हैं।



# आदर्श पर्वतीय रामलीला मंचन का हुआ शुभारम्भ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता) आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी शक्ति फार्म के तत्वाधान में रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान भगवान श्री राम माता सीता के जन्म से मंचन शुरू हुआ। न्यू ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल देवनगर में रविवार की रात पहली नवरात्री से रामलीला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अथिति आन सिंह रावत ने फीता काटकर दीप प्रव्जलित ओर आरती कर पंडित श्री कृष्ण उपाध्याय ने पूजा अर्चना सपन्न कराई अथितियो को राम दरबार और शॉल भेटकर सम्मानित किया मुख्य अथिति आन सिंह रावत ने सभी दर्शकों को भगवान



श्री राम के आदर्शो पर चलने का आहवान किया राजकीय इंटर कालेज रुद्रपुर के प्रधानाचार्य प्रकाश जोशी ने कहा कि मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए भगवान श्री राम के आदर्शो पर चलना चाहिए जिससे मनुष्य के जीवन में कभी कष्ट नहीं आएगा। मंच का संचालन दिनेश तिवारी, सुंदर डसीला ने किया इस मौके पर नवीन जोशी,कुंदन सिंह ,निर्मल सिंह,गोविंद पोखरिया,दीपेंद्र रावत, राजु डसीला,नरेंद्र भट्ट ,चंदन सिंह,मुकेश रावत,नंदन सिंह,दीपक सिंह,बिनोद बिष्ट,पान सिंह ,हरीश , चंदर राम,दीवान सिंह,आदि थे ।

# किच्छा में तीनों गेटों के निर्माण की कवायद शुरू

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधायक निधि से बनने वाले तीन गेटों का आदित्य चौक , दरऊ चौक,काली मन्दिर हल्द्वानी रोड पर लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, चकबंदी के अधिकारी तथा क्षेत्र के पदाधिकारी के साथ पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण एवं चिन्हीकरण किया।विधायक बेहड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि किच्छा शहर में विधायक निधि से लगभग एक करोड़ की लागत तीन भव्य गेटों का निर्माण कराया जा रहा है इसमें एक गेट किच्छा आदित्य चौक के निकट एक गेट किच्छा दरऊ चौराहे के निकट तथा तीसरा गेट हल्द्वानी बाईपास स्थित हिमालय पब्लिक स्कूल के निकट बनाए जा रहे हैं जिसका आज अधिकारियों के साथ स्थान चिन्हिकरण किया जा रहा है ताकि भविष्य में गेटों के निर्माण होने पर कोई कठिनाई न आए. तथा इस विषय में सभी अधिकारियों की मौजूदगी में जगह का चिन्हिकरण कर विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट देने के निर्देश दिए गए द्यबेहड़ ने कहा कि नगर को भव्य बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है विधुत पोल जो विकास के रास्ते में आ रहे है उन्हें हटाया जायेगा। आदित्य चौक से दींन दयाल चौक तक तथा रेलवे स्टेशन से बंडिया होते हुए बाईपास तक चौड़ीकरण के प्रस्ताव भी तैयार कराए जा रहे है।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, किच्छा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, व्यापार मंडल के महामंत्री विजय अरोड़ा, व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग डबरियाल, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार, ऐई लोक निर्माण विभाग प्रकाश लाल, जेई ग्रामीण निर्माण विभाग गोपाल भट्ट,चक्बन्धी कानूनगो अनिल कुमार,पटवारी अशोक कुमार,पंकज कुमार,विधुत विभाग जेई ओम कुमार, सुनील ठाकुर,नजाकत खान, जगरूप सिंह गोल्डी, सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी आदि लोग उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ कलाकारों एवं बच्चों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिव पार्वती रामलीला आवास विकास में रामलीला आयोजन के दौरान कलाकारों तथा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया । इस मौके पर श्री राम की भूमिका निभाने वाले रिक्कू भुसरी के पिता कई भूमिकाओं का निर्वाह करने वाले बुजुर्ग ओम प्रकाश



भुसरी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं नृत्य कार्यक्रम करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करने हेतु उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर अशोक भुसरी, विनोद भुसरी अनिल भुसरी,ऋषि भुसरी ,मुनि भुसरी परिवार द्वारा सैकड़ो श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था करके पुण्य कमाया गया ।

# विवाहिता से मारपीट के मामले में पति और ससुर पर केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। विवाहिता के साथ मारपीट के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति एवं ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गंगे बाबा रोड निवासी अफशा नामक महिला ने बताया कि लगभग 5 वर्ष पूर्व उसका विवाह उपरोक्त मोहल्ला निवासी रहमत अली पुत्र तालीब अली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुआ। शादी की कुछ दिन ठीक रहे लेकिन इसके बाद ससुर नंद एवं पति ने बात-बात पर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 10 अक्टूबर की सुबह लगभग 10:00 बजे पति रहमत तथा ससुर तालिब नहीं गाली गलौज मारपीट करते हुए उसे लोहे के दरवाजे में धक्का देकर मारा जिससे उसके मुंह पर गंभीर चोटें आई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पूर्व में भी ससुर तथा नंद कई बार गाली गलौज मारपीट कर चुके हैं। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 323, 324 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# दुकान में आग लगाने वाले दबंगों के विरूद्ध केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मामूली बात पर दुकान स्वामी व उसके परिजनों से मारपीट कर उसकी दुकान में आग लगा देने वाले दबंगों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में मोहन सिंह पुत्र वेदराम निवासी प्रीत विहार शनि मंदिर बह्मदेव कालोनी ने कहा है कि 15 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8 बजे उसकी किराना स्टोर की दुकान के बहार उसकी बाइक खड़ी थी। जिस पर मंगल सिंह, सुरेंद्र सिंह, नन्दू, गग्गी, गुरजीत, विशाल, कम्बई निवासी प्रीत विहार, आनंद विहार कालोनी व खानपुर बस्ती के थे। कुछ अज्ञात लोग बाइक के पास खड़े थे। उसने उन लोगो से कहा कि वह जा रहा है बाइक पर से हट जाओ । तो उन्होंने उसके साथ गाली गलोच कर मारपीट शुरू कर दी। सांडू का लड़का शेंकी चरण बीच बचाव करने आया तो उसका उसका सर फाड़ दिया। पत्नी प्रवेश बचाने के लिए आई तो उनके साथ हाथापाई की। उसकी दोनों लड़की को भी बेहरहमी से मारापीटा। मोहन का आरोप है कि उसके बाद हमलावरों ने पथराव किया व गोली चलाई तथा उसकी दुकान में आग लगा दी और जान से मारने की धमकी देकर कह गये यह से अपना मकान बेच कर चला जा वरना यहां रहने नहीं देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जेसीआई ने सिमरन चौधरी को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीआई रूद्रपुर क्वींस ने मिस नार्थ इंडिया सिमरन चौधरी को एक होटल में सम्मानित किया। सिमरन चौधरी ने हाल ही मिस नार्थ इंडिया का पेजेंट जीत कर रूद्रपुर का नाम रोशन किया । संस्था की अध्यक्षा जेसी अनुराधा जैन लोहिया ने उनको फूलो का गुलदस्ता देकर समान्नित किया । इस मौके पर संस्था की महामंत्रीजेसी आस्था अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जेसी इंशा कुमार, जेसी अनिशा बेहड़,जेसीदीप्ति अग्रवाल, जेसी दिव्यप गुप्ता,जेसी डॉ दीपिका जैन, जेसी रुचि जैन,जेसी रुचि मित्तल, जेसी जेसीरुचि खंडेलवाल,जेसी प्रियंका अग्रवाल,जेसी शालिनी अग्रवाल, जेसी सौम्या,जेसी स्वाति जैन,जेसी डॉ प्रीति अरोड़ा,जेसी नेहा जैन,जेसी तान्या अग्रवाल,जेसी सारिका जैन आदि थे।



# जसवीर सिंह गोल्ड मेडल जीत कर बने चैंपियन

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर के कलकता गांव के निवासी 15 वर्षीय जसवीर सिंह ने खेलो इंडिया के तहत उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजरात के बड़ोदरा में हुए सकी एंड स्नो बोर्ड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बालक का सम्मान भी किया गुंजन सुखीजा ने बताया कि जसवीर सिंह जो कलकता गांव का रहने वाला है इसकी एंड स्नो बोर्ड प्रतियोगिता में 16 वर्ष आयु वर्ग में देश में प्रथम स्थान पर आया है और उत्तराखंड के पांच बच्चों ने प्रतिभा किया था। जिसमें से जसवीर सिंह नाम का बालक जो उत्तराखंड के जिला उद्धम सिंह नगर तहसील गदरपुर के कलकता गांव का रहने वाला है देश भर में प्रथम स्थान पर आया है और इसी 16 वर्ष



आयु वर्ग की प्रतियोगिता में करण सिंह नाम का बालक जो कि श्री नानकमत्ता साहिब का रहने वाला है द्वितीय स्थान पर आया है। कुल पांच खिलाड़ियों ने उत्तराखंड की टीम में शामिल होकर प्रतिभा किया था मोदी जी का खेलो इंडिया के तहत जो कार्यक्रम चल रहा है वह बेहद सराहनीय ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलता है ।

# ताड़का ने मचाया उत्पात, सीता स्वयंवर का भव्य मंचन





रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख बस स्टैंड वाली रामलीला में तृतीय दिवस में सुबाहु मारीच की खरमस्तियां, विश्वामित्र यज्ञ विध्वंस, विश्वामित्र का अयोध्या जाकर राजा दशरथ से उनकें पुत्रों राम-लक्ष्मण को लेकर आना, सुबाहु वध , ताड़का का विकराल रूप, ताड़का वध , अहिल्या तरण, सीता स्वयंवर, रावण वाणासुर संवाद, धनुष टूटना, राम-परशुराम संवाद तक की सुंदर लीला का मंचन हुआ। लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विष्णों लोजिस्स्टिक के स्वामी सूरज कालड़ा नें अपनी धर्मपत्नी रेनु कालड़ा, अपनें अभिन्न मित्रों राजकुमार नारंग, दीपक गुम्बर, तरूण अरोरा के साथ प्रभु श्रीरामचन्द्र जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। श्री रामलीला कमेटी नें सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। आज की लीला देखनें किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ भी अपनी धर्मपत्नी बीना बेहड़ व सपिरवार पहुंचकर देर रात्रि तक लीला को देखा। श्री बेहड़ नें समस्त कलाकारों से भेंट कर उनका हौंसला अफजाई भी की। आज की लीला

## मुख्य अतिथि विष्णों लोजिस्स्टिक के स्वामी सूरज कालड़ा ने किया श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ, विधायक तिलक राज बेहड़ ने कलाकारों से भेंट कर की हौंसला अफजाई




में गणेश वंदना एवं राम वंदना के पश्चात प्रथम दृष्य में दिखाया गया कि वनों में दुर्दान्त राक्षसों सुबाहु-मारीच की खरमस्तियां और उनके द्वारा की जा रही लूटपाट चरम पर है। दोनों राक्षस विश्वामित्र द्वारा किया जा रहा यज्ञ विध्वंस कर देते हैं। गुस्साये विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हैं और बालक राम लक्ष्मण को अपनें साथ ले आते है। वनों के रास्तें में उनका सामना खतरनाक राक्षसी ताड़का से होता है। भयंकर युद्ध के बाद ताड़का मारी जाती है। इधर युद्ध में सुबाहु भी मारा जाता है और मारीच भाग जाता है। विश्वामित्र दोनों राजकुमारों की शिक्षा-दीक्षा करतें है। शिक्षा के उपरान्त अयोध्या नगरी के दूत द्वारा उन्हें सीता स्वयंवर की सूचना दी जाती है। विश्वामित्र दोनों राजकुमारों को लेकर अयोध्या रवाना हो जाते हैं। रास्तें में राम अहिल्या का उद्धार करते है। जनकपुरी में सीता स्वयंवर में आये समस्त राजकुमारों के निराश हो जानें के बाद राम उठते हैं और स्वयंवर की शर्त को पूरा करते हुये धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं। इसी दौरा धनुष टूट जाता है तथा राम-सीता विवाह संपन्न होता है। इधर परशुराम धनुष टूटनें की बात पर क्रोधित हो जाते है। लबें वाद विवाद के बाद परशुराम दोनों राजकुमारों को आशीर्वाद देकर चले जाते है। लीला में भगवान गणेश के रूप में आषीश ग्रोवर आशु, सुबाहु- मनोज मुंजाल, दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना, मारीच की भूमिका में सचिन मुंजाल, विश्वामित्र- मोहन भुड्डी, ताड़का-रमन अरोरा, छोटे राम की भूमिका में आशमन अरोरा, छोटा लक्ष्मण- पुरूराज बेहड़, अहिल्या की भूमिका में सुमित आनन्द, जनक- अनिल तनेजा, वशिष्ठ- मनोज मुंजाल, राम- मनोज अरोरा, लक्ष्मण- गौरव जग्गा, सीताजी- दीपक अग्रवाल, लखटकिया नरेश मनोज मुंजाल, परशुराम-गुरशरण बब्बर सन्नी, वाणासुर- वैभव भुड्डी, रावण- रोहित नागपाल, ताड़का के रिष्तेदारों का किरदार- राम कृष्ण कन्नौजिया, कुक्कू शर्मा, गोगी नरूला, आयुश्मान सुशील गाबा, कनव गंभीर, राजा के किरदार शिवांश छाबड़ा, सन्नी आहूजा, जय तनेजा, आदि नें निभाया। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड़, अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल, विजय जग्गा, केवल किशन बत्रा, अमित अरोड़ा बॉबी, हरीश अरोड़ा, राकेश सुखीजा, महावीर आजाद, विजय विरमानी, आशीष मिड्ढा, जगदीश टंडन, अमित चावला, गौरव राज बेहड़, अशोक गुंबर, संदीप धीर, सतपाल गाबा, मनोज गाबा, रोनिक नारंग, राजू त्रिखा, मोहन लाल गाबा, परमपाल सुखीजा पम्मी आदि उपस्थित थे।

## श्री सनातन धर्म युवा मंच नें सभांली सुरक्षा व्यवस्था एवं टिकट व्यवस्था

रूद्रपुर। रूद्रपुर में आयोजित प्रचीन रामलीला में श्री सनातन धर्म युवा मंच नें सुरक्षा व्यवस्था एवं कुर्सी पास व्यवस्था बखूबी संभाल रखी है। मंच के सदस्यों द्वारा धर्म प्रेमी जनता से दानराशि एकत्र करके भी श्री रामलीला कमेटी के पास



पहुंचायी जाती है। इस सेवा कार्य में अमित अरोरा बोबी, विजय विरमानी, रवि अरोरा, कर्मचंद राजदेव, आशीष मिड्ढा, सचिन तनेजा, रोहित जग्गा, अमित चावला, चिराग कालड़ा सहित अन्य सदस्यों द्वारा सक्रिय सहयोग दिया जा रहा है।

## ताड़का राक्षस का रौद्र रूप देखकर रोने लगे बच्चे

रूद्रपुर। ताड़का के किरदार को वरिष्ठ कलाकार रमन अरोरा नें बखूबी निभाया। उनकें किरदार की रूप श्रृंगार ऐसा गजब था कि मानो चेहरे पर कूट कूट कर क्रूरता भर दी गयी हो। ताड़का के दर्शक दीर्घा में पहुंचते ही रोमांच और आतंक छा गया। रोद्र अभिनय ऐसा विकट विकराल कि बच्चें अपनी माता की गोद में जा छिपे। अनेकों बच्चे तो रोनें लगे। वहीं रामलीला मंचन देखने भारी संख्या मे पहुंचे महिलायें एवं पुरूष दर्शक भी बेहद रोमांचित हो उठे और उनके मंचन की खूब प्रशंसा की।



## बाल स्वरूप राम और लक्ष्मण के अभिनय ने खूब बटोरी तालियां

### *बाल राम की भूमिका में आशमन और लक्ष्मण की भूमिका में चमके पुरूराज*

रूद्रपुर। श्री रामलीला में बाल राम की भूमिका में आशमन अरोरा और बाल लक्ष्मण की भूमिका में पुरूराज बेहड़ के अभिनय ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। राजा दशरथ के साथ उनका क्रीड़ा करना, राजा विश्वामित्र से शस्त्र विद्या सीखना, ताड़का , सुबाहु और मारीच से युद्ध के समय संवाद अदायगी आदि समस्त दृष्यो में दोनों बालकों नें अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाकर जनता जनार्दन का तालियों रूपी आशीर्वाद बटोरा। यहां आपको बता दे कि आशमन अरोरा ताड़का,मेघनाद की भूमिका निभा रहे रमन अरोरा के सुपुत्र है। वही बाल लक्ष्मण की भूमिका कर रहे पुरूराज बेहड़ गौरव बेहड़ के सुपुत्र और किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के पौते है। बाल राम-लक्ष्मण के अभिनय में दोनों ने दर्शकों की खूब तालिया बटोरी।




## एक बड़े संघर्ष का परिणाम है विशाल रामलीला मंच : बेहड़

रूद्रपुर। शहर की मुख्य रामलीला में पहुंचे पूर्व काबिना मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने रामलीला देखने आये श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह विशाल मंच एक बड़े संघर्ष का परिणाम है। वर्ष 1993-94 में जब वह पहली बार विधायक चुने गये थे। उस दौरान उत्तर प्रदेश में सत्ता पर काबिज एक राजनैतिक पार्टी नें जो जमीन सरकारी है, वो जमीन हमारी है का नारा लगाकर इस रामलीला मैदान से महावीर जी का ध्वज उतार दिया था। उन्होंनें तत्कालीन सीओ और एसडीएम से इसकी शिकायत की तो उन्होनें कोई सुनवाई न की। साफ था कि पूरा सिस्टम सत्ता के दबाव में चुप्पी साध चुका था। यह देखकर अगली सुबह वह अपने कुछ साथियों के साथ पांच मंदिर से महावीर ध्वज लेकर रामलीला ग्राउन्ड पहुंचें और वहां महावीर ध्वज स्थापित कर दिया। तत्कालीन सत्ता दल के जो लोग इस ग्राउन्ड पर कब्जा करने की नीयत में थें, उन्होनें उन पर गोली चला दी। लेकिन उस वक्त उनके साथ मौजूद अंगरक्षक ने पोजिशन लेते हुये उन्हे तो बचा लिया मगर एक गोली उनके एक साथी के पैर में जा लगी। इस अराजकता के खिलाफ वह कोतवाली में धरने पर बैठ गये। घटना की जानकारी मिलते ही अगले दिन आला अफसर भी आ पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। जनदबाब के चलते तत्कालीन एसडीएम और सीओ को निलम्बित किया गया और जनसहयोग से इस मैदान पर स्थापित हुआ महावीर ध्वज लहराता रहा, जो कि अब प्रभु राम जी की कृपा से अनंतकाल तक लहराता रहेगा।



# कोप भवन में दशरथ कैकई का हुआ संवाद राम के राजतिलक के बदले मांगा वनवास

## इंदिरा कालोनी में समाजसेवी अशोक अदलखा व महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने किया श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के पंचम दिन शुभारंभ उद्योगपति एवं समाजसेवी अशोक अदलखा, अमर योग क्लब एवं कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष सी पी शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उनके साथ पूर्व मेयर प्रत्याक्षी ममता रानी,सुनील आर्या ,उद्योगपति दिनेश कपूर,योग गुरु अशोक कालरा, राजीव अनेजा, सुरेंद्र मिड्ढा, राजीव ग्रोवर,राजेश आनंद, रवि काकरान, गुलशन नारंग,शिवम अनेजा, राजीव शर्मा,जगदीश ठुकराल,अमित गावा, सतीश ढींगरा,जतिन नागपाल, सनी, जुगनू अरोरा, सुनील आनंद, नीरज बत्रा,मदन लाल मक्कड़, डा सी डी ठुकराल,प्रभास स्वर्णकार, दीपक नारंग एवं अमर योग क्लब अन्य सदस्य उपस्थित थे। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया । सी पी शर्मा ने प्रभु श्री राम जी लीला के मंचन हेतु श्री शिव नाटक क्लब को बधाई दी एवं अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। योग गुरु अशोक कालरा ने सभी से अपने जीवन में योग को अपनाने की सलाह दी, उन्होंने प्रभु श्री राम के बारे में बताया की जिसके सिर मुकुट साजना था उसको ही सब कुछ त्यागना था, इसलिए जो आज्ञा चक्र में लिखा है वही होगा, वर्तमान जीवन का आनंद लेना चाहिए। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मानित किया गया। रामलीला के मंचन में राजतिलक का ऐलान, मंथरा केकई संवाद, कैकई कोप भवन, दशरथ केकई संवाद, कैकई राम संवाद तक की लीला का मंचन किया गया जिसमे कैकई की भूमिका गौरव गांधी,मंथरा आदित्य कुमार, दशरथ नरेश घई,राम गौरव अरोरा, सुमंत विशांत भसीन ने निभाई। मंच संचालन जोली कक्कड़ ने किया । इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त संजय ठुकराल, स. मंगत सिंह खुराना, राजकुमार परुथी,सूरज प्रकाश सुखीजा , नरेश शर्मा, रमेश गुलाटी, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई, निर्देशक सनी घई,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव भारत हुड़िया, विजय परुथी, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, अक्षित छाबड़ा, अमर परुथी,राजीव भसीन, अरुण अरोरा, राजदीप बठला, बंटी मुंजाल, मनोज बठला, राहुल अरोरा,प्रवीण बत्रा, प्रवीण ठुकराल, मनीष अग्रवाल ,राजीव झाम, गौरव गांधी, सन्नी कक्कड़, नैतिक तनेजा,अनमोल घई,चेतन खनिजो, विशाल गुंबर, राकेश तनेजा,अनमोल अरोरा, हरीश जुनेजा, चिराग जुनेजा, अरुण अरोरा आदि उपस्थित थे।














# धूमधाम से निकाली गई श्री राम जी की बारात

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री रामलीला के मंचन में आज प्रभु श्री राम जी बरात की शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकली गई।श्री राम बरात परामलीला ग्राउंड इंद्रा कॉलोनी से प्रारंभ होकर मैन बाजार , गल्ला मंडी होती हुइ श्री गोपी नाथ मंदिर मॉडल कॉलोनी पहुंची , वहां पर राजदेव परिवार में श्रीमती सीमा राजदेव, करमचंद राजदेव महंत मनीष सलूजा, केसर खेड़ा, सुरेश राजदेव, राकेश राजदेव, मनी राजदेव,सुषमा अग्रवाल, डा विवेक राजदेव, कांता रहेजा, सुरक्षा बघवार, कांता ग्रोवर, सुषमा मिड्ढा, कमलेश कालरा, कमलेश खेड़ा, वंदना गंभीर, द्वारा श्री राम बरात का स्वागत किया गया प्रभु राम जी एवं उनके परिवार की मिलनी कराई गई, उपरांत जयमाला एवं आरती के साथ सभी राम बाराती वापिस श्री राम लीला ग्राउंड इंद्रा कॉलोनी में पहुंचे। श्री राम बारात में संरक्षक राजकुमार ठुकराल, सरपरस्त संजय ठुकराल, हिमांशु गावा, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोड़ा,सचिव विजय परुथी, भारत हुड़िया,रमेश गुलाटी अक्षत छाबड़ा, विशाल गुंबर आदि उपस्थित थे।



# दर्जनों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। संजयनगर खेड़ा में दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस छोड़ थामा भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।विधायक शिव अरोरा ने सभी युवाओं को फूलमाला पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले लोगो का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जो दर्शाता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में रुद्रपुर की जनता का मन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है और पहले से भी अधिक रिकॉर्ड मतों के साथ भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल नैनीताल लोकसभा और रुद्रपुर विधानसभा से जीतने जा रहा है वही देश तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने जा रहा है, विधायक शिव अरोरा ने कहा लोकसभा चुनाव बस चारो ओर एक ही गूंज सुनाई देगी और वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की होगी, निश्चित रूप से जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में पुष्कर सिंह धामी के कार्य और उनकी महत्वकांक्षी योजनाओं को सराहा है जिसका लाभ लोकसभा चुनाव ओर निकाय चुनाव में अवश्य मिलेगा। भाजपा की सदस्यता लेने वाले सिद्धार्थ प्रवास, हरिदास ,बिदुस, सुब्रत, सुनीत , मनीष कुमार ,विजय, बलराम, सूरज, बिदुश, ज्योतिष , गोरांग सुनीत, कृष्ण ,तुषार, करण, सरजीत ,सदानंद ,बीरू ,अरुण, भोला, रंजन, गोपाल, संजय, विश्वजीत, नेपाल ,अजय, गोपाल विश्वास,विजय कुमार,राकेश, शंकर रॉय, धनंजय ,करण, धर्म सिंह शामिल रहे। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पार्षद सुनील कुमार, नगर मंत्री रोबिन विश्वास, भाजपा नेता किरन विर्क, शिवकुमार रॉय व अन्य लोग मौजूद रहे।



# दीप यज्ञ के साथ मनाई अग्रसेन जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अग्रकुल प्रवर्तक व शिरोमणि समाजवाद के असली प्रणेता एक ईंट एक रुपया की अवधारणा से जन जन के उद्धारक महाराजा अग्रसेन जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष में महाराज अग्रसेन जयंती सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर मैराथन दौड़, भोजन वितरण, अग्रवाल युवा संगठन आयोजित क्रिकेट मैच, सामूहिक भोज , सांस्कृतिक संध्या, ध्वजारोहण कार्यक्रम संपादित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सभा महामंत्री नीतीश अग्रवाल ने किया उन्होंने सभी अगर बंधुओ से महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया ।पूर्व अग्रवाल सभा अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने जीवन पर्यंत सनातन धर्म के सात्विक पक्ष का अनुसरण किया और उन्होंने समाज और राज्य के कल्याण का सार्वभौमिक आदर्श उपस्थित किया ।उन्होंने सत्य धर्म के अनुसरण के लिए अपने क्षत्रिय धर्म का त्याग करते हुए वैश्य कुल को अपनाया। इस अवसर की समापन वेला पर दीप यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दीप यज्ञ कार्यक्रम में पूर्व अग्रवाल सभा अध्यक्ष महेश अग्रवाल, महामंत्री नितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल, विजय भूषण गर्ग, श्री कृष्ण मित्तल ,उपाध्यक्ष हरिशंकर अग्रवाल व बजरंग लाल गर्ग, राजीव अग्रवाल ,संजय ठुकराल व अन्य लोग उपस्थित थे ।



# गदरपुर में धूमधाम से निकाली गयी श्री राम बारात

गदरपुर(उद संवाददाता)। अनाज मंडी रामलीला कमेटी के तत्वाधान में प्रभु श्रीराम की धूमधाम के साथ बारात निकाली गई। बारात का नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। शुक्रवार को अनाज मंडी रामलीला कमेटी के तत्वाधान में राम बारात निकालने से पूर्व प्रभु श्रीराम की कमेटी अध्यक्ष रविंद्र बजाज एवं कमेटी सदस्यों द्वारा आरती उतारी गई। प्रभु श्रीराम की को कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र बजाज द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। बारात अनाज मंडी से प्रारंभ होकर गूलरभोज रोड, सकनिया मोड़, मुख्य बाजार, बुध बाजार होते हुए अनाज मंडी रामलीला के प्रांगण में पहुंची। इस दौरान प्रभु श्रीराम और उनके भाइयों पर जगह-जगह मुख्य बाजार में लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान पूरा शहर श्रीराम मय की भक्तिमय में डूब गया। श्रीराम की बारात में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज, कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय छाबड़ा, महामंत्री अशोक धीर, कृष्ण लाल अनेजा, आढती एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश धीक, सनातन मंदिर के अध्यक्ष वेद बजाज, राजकुमार भुड्डी, विनोद भुसरी, कृष्ण लाल बत्रा, शुभम बत्रा, मुनि भुसरी, सोमनाथ छाबड़ा, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष कृष्ण लाल सुधा, अशोक छाबड़ा, अजय खेड़ा संजीव झाम, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# विधायकों की अयोग्यता

अदालती फैसलों और निर्देशों को नजरअंदाज करना जैसे सत्तासीन लोगों की आदत हो गई है। अक्सर वे न्यायालय के निर्देशों पर टालमटोल करते देखे जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का रवैया भी कुछ वैसा ही है। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि विधानसभा अध्यक्ष इस तरह न्यायालय के निर्देशों को नजरअंदाज और निष्प्रभावी करने की कोशिश नहीं कर सकते। न्यायालय ने विधानसभा अध्यक्ष को एक हफ्ते के भीतर समय-सीमा तय करने को कहा है। दरअसल महाराष्ट्र में शिवसेना से अलग होकर छप्पन विधायकों ने भाजपा से हाथ मिला लिया और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बन गई। इस पर शिवसेना ने विधानसभा अध्यक्ष से गुहार लगाई कि वे अलग हुए विधायकों को अयोग्य घोषित करें। इस संबंध में चौंतीस अर्जियां लगाई गई हैं, मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उन पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय से अपील की गई कि वह विधानसभा अध्यक्ष को विधायकों की अयोग्यता संबंधी अर्जियों पर फैसला सुनाने का आदेश दे। मई में जब सर्वोच्च न्यायालय ने उद्धव ठाकरे सरकार गिराने के मामले में सुनवाई करते हुए फैसला दिया, तभी विधानसभा अध्यक्ष को भी निर्देश दिया था कि वे विधायकों की अयोग्यता संबंधी मामले में फैसला सुनाएं। उस निर्देश के बाद करीब पांच महीने बीत गए, मगर विधानसभा अध्यक्ष यही कहते रहे हैं कि समय आने पर वे इस मामले में फैसला सुनाएंगे। अब सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष ऐसा कह कर नहीं टाल सकते। यह फैसला अगले विधानसभा चुनाव से पहले हो जाना चाहिए, नहीं तो फिर उसका कोई संवैधानिक महत्त्व नहीं रह जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने हालांकि यह भी कहा कि वह विधानसभा अध्यक्ष के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में दखल नहीं दे रहा, मगर जहां कहीं संवैधानिक मूल्यों का हनन होता है, वहां उसे दखल देना भी पड़ता है। यह सर्वोच्च न्यायालय की कठोर टिप्पणी है। उम्मीद की जाती है कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष इसे गंभीरता से लेंगे। मगर महाराष्ट्र में जिस तरह के राजनीतिक समीकरण बने हुए हैं, उसमें विधानसभा अध्यक्ष किस हद तक संवैधानिक मूल्यों की रक्षा कर पाएंगे, देखने की बात है। मामला केवल शिंदे के साथ गए विधायकों की अयोग्यता का नहीं, राकांपा से अलग होकर शिंदे सरकार में शामिल हुए विधायकों का भी है। मगर विधानसभा अध्यक्ष इन दोनों मामलों में चुप्पी साधे हुए हैं, तो इसकी वजह भी प्रकट है। जिस तरह एकनाथ शिंदे की अगुआई में शिवसेना के विधायक कई दिनों तक अलग-अलग शहरों में भागते फिर रहे थे और उनका आतिथ्य भाजपा के लोग संभाले हुए थे, उसी से जाहिर हो गया था कि उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराने की साजिश रची गई है। फिर जिस नाटकीय ढंग से एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया गया, उसके बाद अनेक संवैधानिक सवाल उठने शुरू हो गए थे। यही प्रक्रिया तब भी दोहराई गई, जब राकांपा से अलग होकर आठ विधायकों ने शिंदे सरकार में महत्त्वपूर्ण ओहदे हासिल कर लिए। विधानसभा अध्यक्ष को यह अधिकार है कि वे दलबदल कानून के तहत विधायकों की सदस्यता जांचें-परखें। मगर जैसा कि पहले भी अनेक मौकों पर देखा गया है, जब भी इस तरह कोई सरकार गिराई और जोड़तोड़ कर नई सरकार बनाई जाती है, तो विधानसभा अध्यक्ष सियासी चुप्पी साध लेते हैं। महाराष्ट्र के मामले में भी यही हुआ। पहले ही इन घटनाओं से संवैधानिक मूल्यों को काफी नुकसान हो चुका है, अब विधानसभा अध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वे अगले चुनाव से पहले निष्पक्ष फैसला सुनाएं।

# जु-जित्सू प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि.) के तत्वावधान में जी.डी गोएनका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय धावक व चेयरमैन उत्तराखंड एथलेटिक्स सिलेक्शन कमिटी विजेंद्र चौधरी, जी.डी गोएनका पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती रूपाली पुरी, जिला एथेलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर त्यागी, जिला जुख्रजित्सू संघ के वाइस प्रेसीडेंट जॉनी हिराम तिग्गा, महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर द्वीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य विजेंद्र चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी की कोई जाति नहीं होती है। उसके मन में खेल भावना ही सर्वोपरि है और वह इसी को महत्व देते हैं। और उन्होंने आगे कहा कि "बदलते हुए आज के भारत में छोटे-छोटे शहरों की प्रतिभाओं को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। जिला जु-जित्सू संघ के महासचिव ऋषि पाल भारती एवं टूर्नामेंट कन्वेनर किशोर सिंह ने कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में संपूर्ण जनपद के लगभग 30 से भी ज्यादा विद्यालयों सेघ 204खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गो सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं एडल्ट्स की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग करनापने खेलों का जौहर दिखाते हुए पदक अर्जित किए। सब जूनियर बालिका वर्ग जुजित्सू फाइटिंग इवेंट में सारण्य, सहसप्रीत, अविष्का चौहान, अक्षिता, जसगुन, अलीना तिग्गा, परिणीति कौर, एकता सिंह, अनन्या आर्य, रुचिका, सृष्टि वशिष्ठ ने स्वर्ण पदक, शिवन्या गोस्वामी, चारुल शर्मा, बानी कौर, इनाया अली, आज्ञा तिवारी, आरोही उपाध्याय, मयूरी,



अंशिका शर्मा, दिशु, सारिका, वंशिका, ने रजत पदक। दक्षिता डांगी, योआना भारद्वाज, शंभवी सिंह, अन्य चतुर्वेदी, सहजल नारंग, मुद्रिका चौहान, आफिया अली, उपासना मदान, हर्षिता, गीतिका अरोड़ा, अंशरा अली, हर्षिता, अक्षा, अद्विविका, पवित्रा, गरिमा ने कांस्य पदक जीते। सब जूनियर बालक वर्ग जुजित्सू फाइटिंग इवेंट में कार्तिकेय शर्मा, अर्जुन, श्रीधर, दक्ष, स्पर्श, अरहान, अभिनव चंद, हिमांशु सामंत, शिवम, प्रियांशु, रोहन, वंश ने स्वर्ण पदक। आरव कुमार, आरुष वनियाल, विराट, तेजस, लव भट्ट, ध्रुव, दीपक, कुणाल जोशी, हर्ष, अंश पाल, अमन ने रजत पदक, चिराग, आरव डांगी, मनन अटवाल, यसराज सिंह, देवांश, हार्दिक जोशी, गुरु राज सिंह, याजदान ने कांस्य पदक। प्रतियोगिता में रेनबो पब्लिक स्कूल रूद्रपुर ने प्रथम स्थान, हिमालयन स्कूल किच्छा ने द्वितीय स्थान व जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल रूद्रपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को जी.डी गोएनका पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूपाली पूरी, जिला जुजित्सु संघ नैनीताल के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, महासचिव विनोद लखेरा, आकृति कौर, जॉनी हिराम तिग्गा द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में ऑफिशल्स की भूमिका में एशियन खिलाड़ी कमल सिंह, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, जय प्रकाश, आकृति कौर, रूनू शर्मा, अभिषेक राजपूत, लविश विश्वकर्मा, कंचन बसेरा, प्रिया विश्वास, आकृति कौर, रिमी शाह एवं मंच संचालन भूमिका में अमन शामिल रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सहयोग हेतु जिला जुजित्सु संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती ने जी.डी गोएनका पब्लिक स्कूल रूद्रपुर के चेयरमैन अतुल गोयल, प्रिंसिपल रूपाली पुरी, आकृति कोर, कुशाग्र, आलोक, स्पोर्टस कॉर्डिनेटर डॉ. वर्षा, हैप्पी सिंह एवं अन्य समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ) शलभ गुप्ता, शोभा तिग्गा, बलविंदर सिंह, वसीम खान, कंचन बसेरा, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कृष्ण आनंद, बलविंदर सिंह, अंकित चंदेल, क्षितिज सिंह, शंकर सिंह बसेरा, राजीव राना सहित अन्य अभिभावक गण मौजूद रहे।

# द्वितीय नवरात्र पर मंदिरों में हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्र पर्व के द्वितीय दिवस पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी की श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में प्रात: से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन भी आयाजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे रहे ।वहीं सुरक्षा के लिये पुलिस के जवान भी तैनात रहे।

# भदईपुरा में रामलीला मंचन का ठुकराल ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा रोड स्थित भदईपुरा व दूधिया नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की लीला का आयोजन श्री सनातन रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित भव्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की लीला का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा ने पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर किया। इस दौरान अध्यक्षता समाजसेवी संजय ठुकराल ,विशिष्ट अतिथि जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडे, साथ में समाजसेवी अजय नारायण ,समाजसेवी गगन ग्रोवर व युवा समाजसेवी बंटी कोली उपस्थित थे।इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि श्री राम लीलामंचन भारतीय संस्कृति एवं जीवन दर्शन का अभिन्न हिस्सा है ।भारत की लाखों वर्षो पुरानी संस्कृति की प्रस्तुति है हमें लीला के माध्यम से प्रभु राम के आदर्शो एवं



जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस दौरान रामलीला प्रबंधक कमेटी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्री श्री 108 स्वामी शिवानंद जी महाराज, गजेंद्र राघव, विजय यादव, प्रेमपाल यादव, पप्पू श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश यादव, ईश्वर शर्मा ,शंकर मिस्त्री, गुरमेज सिंह ज्ञानी, डॉक्टर राकेश सिंह, श्रीमती महेंद्र शर्मा ,राजपाल यादव, महेश गंगवार, पवन कुमार, अनुभव चौधरी, लक्ष्मी देवी, काजल राघव, सोमवती, अनु चौहान, आदि लोगों उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी ने दिया सांकेतिक धरना

गदरपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर मटकोटा मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने दिनेशपुर चौराहे पर दूसरे सप्ताह भी सांकेतिक धरना दिया। जिसमें बंगाली कल्याण समिति और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा धरने का समर्थन किया गया। दिनेशपुर चौराहे के पास 10 बजे से 12 बजे तक आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने मटकोटा मार्ग के पुन: निर्माण को लेकर धरना दिया जिसमें उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर गुबार निकाला और जल्द ही सरकार से मटकोटा मार्ग के पुन: निर्माण की मांग की, वही चल रहे धरने में बंगाली कल्याण समिति के कार्यकर्ता आशुतोष राय ने भी समर्थन दिया और कांग्रेसी कार्यकर्ता



नारायण हालदार भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को समर्थन किया। जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने बताया कि मटकोटा मार्ग को पुनर्निर्माण के लिए सांकेतिक उपवास धरना दिया जा रहा है यह एक स्थानीय जन समस्या है और यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है हमें लोगों का समर्थन मिल रहा है। हम हर सप्ताह जब तक रोड के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू नहीं होग। इसी तरह से आंदोलन करते रहेंगे। इस दौरान बृजेश कुमार तपन घरमी, संजीव कुमार, कमल शाह, राकेश कुमार, सुभाष माझी, रवि कुमार, विजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, राघवेंद्र, नरेश मंडल, सुमीलन, दीपक चक्रवर्ती, सुबोध भक्त, हिमांशु कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# आनंदपुर कालोनी में दुर्गा पूजा का शुभारम्भ

किच्छा(उद संवाददाता)। आनंदपुर कालोनी में आयोजित मां दुर्गा पूजा का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने फीता काटकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि नवरात्रि के 9 दिनों में मां भगवती के विभिन्न रूपों की पूजा कर बुद्धि, विवेक, धन-धान्य, ऐश्वर्य, सुख, समृद्धि की कामना की जाती है! कहा कि हमें नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना करने के साथ ही घर में माता-पिता की भी सेवा करनी चाहिए इससे मां भगवती और अधिक प्रसन्न होती हैं, एक तरफ समाज में 9 दिनों तक उपवास रख मां



भगवती की पूजा अर्चना की जाती हैं दूसरी तरफ बेटी को घर में जन्म नहीं लेने देते हैं ऐसी मानसिकता को बदलनी पड़ेगी तभी मां भगवती की पूजा सार्थक होगी! पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपस्थित सभी को नवरात्रि की बधाई दी! कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूजा कमेटी के साथ ही ग्राम प्रधान सुषमा यादव, डी एन यादव, वीरेंद्र यादव, अखिलेश यादव, रोहित कुमार, संदीप कुशवाहा, भोला, रिंकू कुमार, बृजेश वर्मा, नंद कुमार, दलीप पासवान, करन पासवान, राहुल पासवान, रजनीश, निजामुद्दीन, शत्रुधन पासवान, परदुमान, आदित्य कुमार, जितेंद्र, निखिल, मंटू, सतेंद्र, जाती शर्मा, रवि कुमार, गुड्डू प्रसाद समेत सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

# श्री राम की भव्य बारात में शामिल हुए हजारों बाराती

## छोलिया नृत्य, संतों की टोली रही आकर्षण का केंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन शिव मन्दिर कमेटी द्वारा अयोध्यापुरी लटूरिया आश्रम से जनकपुरी रामलीला मैदान तक भव्य राम बारात निकाली गई। जिसमें केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट, हल्द्वानी भक्त व पदाधिकारियों ने पंजाब से आये गिद्दा व कुमाउँनी वाद्य यंत्रों की धुन में जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा में हरिद्वार से आई संतो की टोली ने अगवाई की। बारात में माँ काली का भव्य स्वरूप, पाण्डे की अगुवाई में तलवार व त्रिशूल भाला का प्रदर्शन किया। वही गो ग्रीन गो क्लीन की टीम ने सफाई व्यवस्था की शहर की तमाम संस्थाओं द्वारा जगह जगह स्वागत कर जलपान की व्यवस्था की गई। राम बारात निकलने के दौरान शहर पूरी ने शहर वासियों द्वारा राम जी की बारात को भव्य बनाने सहयोग व स्वागत करने के लिये आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अमित आशवानी अनिल कपूर डब्बू, रामरूप गुप्ता, राजेश साहू, राजू जायसवाल गुप्ता, सुनील गुप्ता, संजय सिंह राजपूत, प्रकाश हरबोला, प्रदीप कक्कड़, सौरभ गुप्ता, प्रदीप बिष्ट, तरुण बंसल, प्रमोद अग्निहोत्री, प्रीती आर्या, विनीता कपूर, मन्नू कपूर, सरोज गुप्ता, कशिश जायसवाल,








विधायक सुमित ह्रदेश, कलादूगी विधायक बंशीधर भगत, मेयर जोगेंद्र रौतेला समेत करीब 10 हजार भक्तों ने बाराती के रूप में हिस्सा लिया। लटूरिया आश्रम से हनुमान जी के 11 अलग अलग स्वरूप मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे वहीं छोलिया पर जमकर थिरके। विश्व हिन्दू परिषद की महिलाओं व पुरुषों की टीम ने विपिन जिम्मेदारी निभाई। बारात के जनक पुरी पहुँचने पर जनकपुरी वासियों ने बारातियों का फूल माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। वही राम बारात का तरह से भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम सयोंजक हरिमोहन अरोड़ा, अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, रुपेन्द्र नागर, मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू, शिव कपूर, नन्द किशोर जायसवाल , मुरली मुलानी, अशोक सिन्धी, हेमन्त साहू, हिमांशु मिश्रा, ललित जोशी, हर्ष वर्धन पांडे, नागेश दुबे, विपिन गुप्ता, विपिन साहू, पदम् पाल, प्रमोद तौलिया, सुशील पूजा अरोड़ा समेत शहर भर के तमाम राजनीतिक प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यताओं के साथ करीब 10 हजार लोग शामिल हुये।

# एसएसपी ने कई निरीक्षकों, उप निरीक्षकों व कर्मियों के ट्रांसफर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद के कई निरीक्षक, उपनिरीक्षक, हेका. तथा कांस्टेबल को स्थानांतरित किया है। मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षक उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक थाना भवाली से प्रभारी साईबर सेल, निरीक्षक हरपाल सिंह प्रभारी साईबर सेल से प्रभारी निरीक्षक थाना भवाली, उपनिरीक्षक प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम से थानाध्यक्ष मुखानी, उपनिरीक्षक विमल कुमार मिश्रा वरिष्ठ उपनिरीक्षक द्वितीय थाना लालकुआं से थानाध्यक्ष काठगोदाम, उपनिरीक्षक रमेश सिंह बोरा थानाध्यक्ष मुखानी से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना भवाली,उपनिरीक्षक राजवीर सिंह नेगी प्रभारी एसओजी से थाना काठगोदाम, उपनिरीक्षक मनोज सिंह नयाल थानाध्यक्ष बेतालघाट से वरिष्ठ उपनिरीक्षक द्वितीय थाना रामनगर, उपनिरीक्षक महेश चन्द्र जोशी वरिष्ठ उपनिरीक्षक द्वितीय थाना रामनगर से थानाध्यक्ष बेतालघाट, उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह मेहरा वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना भवाली से वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वितीय थाना लालकुआं, कानि. 11 ना०पु० अशोक सिंह रावत एसओजी से थाना काठगोदाम, कानि. 508 भानु प्रताप ओली एसओजी से थाना भवाली, हेड कानि. 194 ना०पु० त्रिलोक सिंह एसओजी से थाना लालकुआं, हेड कानि. 143 ना०पु० कुन्दन सिंह एसओजी से थाना मल्लीताल, कानि. 416 ना०पु० दिनेश नगरकोटी एसओजी से थाना मुक्तेश्वर, कानि. 784 ना०पु० अनिल गिरी को एसओजी से थाना हल्द्वानी स्थानांतरित किया गया है।

# श्री दुर्गा मंदिर में मां भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर गत रात्रि श्री दुर्गा मंदिर में मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें भक्त गायक कलाकार द्वारा गाये गये मां के भजनों को सुनते हुए भक्त जन भक्ति में झूमते रहे। इससे पूर्व पं. नवीन मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई । जजमान के रूप में एसपी सिटी मनोज कत्याल, उनकी पत्नी रीतू कत्याल व उनके परिजन शामिल हुए। जिसके पश्चात दिल्ली से आये भजन गायक मास्टर बॉबी ने गुरू वंदना के साथ भजन की लड़ियां प्रारम्भ कीं। उन्होंने मां का आव्हान, गणेश वंदना के बाद फूलों की वर्षा के साथ देवी देवताओं का दरबार में स्वागत किया। उन्होंने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी भक्तों की लगी है कतार भवानी, तूने मुझे बुलाया शेरां वालिए मैं आया मैंआया शेरां वालिए, भेले की बारात चढ़ी सजधज के, लोंकां ने भांग पीती रजरज के आदि भजन सुनाये। इस दौरान मौजूद सभी भक्त तालियां बजाते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वेद ठुकराल, रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर सन्नी, किशन नारंग, दिव्येन्द्र कुकरेती, नीलम गुलाटी, प्रवीन गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा,रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, मनोज मदान, सुमन छावड़ा , राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पवन गावा, आशा गाबा सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।





